NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-192, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 17 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# हाइवे पर कोहरे का कहर

## अमरोहा में दस से ज्यादा वाहन टकराए, मच गई चीखपुकार



**अमरोहा।** नेशनल हाईवे पर आज सुबह कोहरे का कहर देखने को मिला। अलग-अलग दो हादसों में एक के बाद एक दस से ज्यादा वाहन आपस में टकरा गए। इस भीषण हादसे में छह से ज्यादा लोग घायल हो गए। वाहनों के टकराते ही लोगों में चीखपुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यवस्था को संभाला और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

तीन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद हाईवे पर दो घंटे तक जाम के हालात बने रहे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाकर जाम खुलवाया। यह दोनों हादसे डिडौली गांव के सामने हाईवे पर हुए। शनिवार की सुबह भीषण कोहरा था। दृश्यता शून्य थी। दिखाई नहीं देने के कारण हाईवे पर वाहन भी धीमी रफ्तार से चल रहे थे। हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइट भी बंद थी।

पहला हादसा सुबह 4:30 बजे मुरादाबाद से दिल्ली लेन पर हुआ। इस दौरान सबसे पहले ट्रक के पीछे डीसीएम टकराई और इसके बाद एक के बाद एक छह से सात वाहन भिड़ गए। इसमें चार वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में बरेली के नवाबगंज के रहने वाले डीसीएम चालक वाहिद अली और पाकबड़ा के ईदगाह रोड के रहने वाले कार सवार हमजा घायल हो गए हैं।

मामूली रूप से टकराए अन्य तीन वाहन सवार लोग गंतव्य के लिए बिना रुके निकल गए। दूसरा हादसा करीब 5:30 बजे दिल्ली से मुरादाबाद लेन पर हुआ। इस लाइन पर भी पिकअप, कार और निजी बस टकरा गई। इस हादसे में पिकअप सवार लोग पानीपत के रहने वाले हैं और मनोना धाम जा रहे थे। पिकअप में सवार श्रीदेवी, सोनू, उदयवीर और हरीश घायल हो गए। हादसे के बाद तुरंत लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया।



## बठिंडा में डिवाइडर से टकराई फॉर्च्यूनर, महिला पुलिसकर्मी समेत पांच की मौत

**बठिंडा।** गांव गुरथाड़ी के पास मेन रोड पर शनिवार सुबह एक फॉर्च्यूनर गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में गुजरात पुलिस की महिला पुलिस कर्मी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। कार सवार बठिंडा से डबवाली की तरफ जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, गुजरात पुलिसकर्मी अमिता अपने चार दोस्तों अंकुश, भरत, चेतन, सतीश के साथ फॉर्च्यूनर गाड़ी में बठिंडा से गुजरात जा रही थी। गाड़ी तेज रफ्तार के कारण गांव गुरथड़ी के पास मैन हाईवे पर डिवाइडर के साथ टकरा गई। हादसे में पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पांचों शवों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है।

## देश को मिलेगी पहली स्लीपर वंदे भारत, पीएम दिखाएंगे हरी झंडी



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसकी अधिकतम स्पीड 180 किमी प्रति घंटा है। यह पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 14 घंटे में तय करेगी। ट्रेन की कुल यात्री क्षमता 1128 है। इसके 16 कोचों में से 11 एसी-3 टियर कोच, चार एसी-2 टियर कोच और एक फर्स्ट एसी कोच है। स्लीपर ट्रेन के थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है। सेकेंड एसी का किराया 3,000 होगा। फर्स्ट एसी का किराया करीब 3,600 है। ट्रेन में कवच सेफ्टी सिस्टम, मॉडर्न टॉयलेट, मॉडर्न पैंट्री के साथ ही आरामदायक कुशनिंग की गई है। वंदे भारत स्लीपर में एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स, बेहतर सस्पेंशन सिस्टम और वर्ल्ड-क्लास स्लीपर कोच हैं। रेल मंत्री ने बताया कि आमतौर पर, गुवाहाटी-हावड़ा रूट पर हवाई किराया 6,000 से 8,000 के बीच होता है। कभी-कभी 10,000 तक भी पहुंच जाता है। वहीं, वंदे भारत स्लीपर में गुवाहाटी से हावड़ा तक थर्ड एसी का किराया 2,300 रखा गया है।

### हावड़ा-गुवाहाटी की 958 किमी की दूरी 14 घंटे में तय करेगी





# दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा, यूपी-एमपी में कोल्ड डे, शीत लहर

**नई दिल्ली।** सचमुच में आज दिल्ली-एनसीआर कोहरे की चादर में लिपटा दिख रहा है। ऐसी धुंध के साथ सुबह की शुरूआत हुई कि सड़कें हों या आसमान, कुछ भी साफ नजर नहीं आया। नई दिल्ली में टेंपरेचर भले ही 7 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच है, लेकिन नॉर्थ से लेकर ईस्ट और सेंट्रल इंडिया तक सर्दी अब नए दौर में एंट्री ले चुकी है। अगले कुछ दिनों के दौरान घने कोहरे, शीतलहर और कोल्ड डे का ऐसा सिलसिला बनने वाला है, जो रोजमर्रा की जिंदगी की रफ्तार पर सीधा प्रभाव डालेगा। जानिए आपके इलाके में आज कैसा मौसम है और अगले कुछ दिन कितनी सर्दी रहने वाली है।



मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में आज घने से घना कोहरा छाया हुआ है। दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस है। पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के कुछ क्षेत्रों में अगले 1-2 दिन में शीतलहर की संभावना है। उसके बाद इसमें कमी आ सकती है।

नॉर्थ-वेस्ट इंडिया और बिहार में अगले 5 दिन में घना कोहरा छा सकता है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अगले 2 दिन शीत दिवस रहने की संभावना है। वहीं, नॉर्थ-वेस्ट और सेंट्रल इंडिया में अगले 3 दिन में मिनिमम टेंपरेचर में 2-4 डिग्री सेल्सियस धीरे-धीरे बढ़ सकता है। उसके बाद के अगले 4 दिन इसमें कोई खास बदलाव नहीं होगा। ईस्ट इंडिया में अगले 2 दिन न्यूनतम तापमान में ज्यादा नहीं बदलेगा। उसके बाद के 3 दिन तक 2-4 डिग्री सेल्सियस धीरे-धीरे बढ़ सकता है। उसके भी बाद के 2 दिनों तक कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

## सिंगर बी प्राक को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी



**नई दिल्ली।** देश के मशहूर बॉलीवुड और पंजाबी सिंगर बी प्राक को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने जान से मारने की धमकी दी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बी प्राक से 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। गैंग के द्वारा सिंगर बी प्राक के साथी दिलनूर को कॉल करके 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। गैंग के द्वारा एक हफ्ते में पैसे देने के लिए कहा गया है। इस मामले में मोहाली में शिकायत दर्ज कराई गई है।

**कहा- 10 करोड़ रुपए दो, नहीं तो मिट्टी में मिला देंगे**

लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से धमकी मांगने वाले कॉलर ने खुद का नाम आरजू बिश्नोई बताया है। बी प्राक को दी गई धमकी में कहा गया है कि 10 करोड़ रुपए दो, नहीं तो मिट्टी में मिला देंगे। पंजाबी सिंगर दिलनूर ने धमकी भरा कॉल आने के बाद एसएसपी मोहाली के पास शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत के मुताबिक, कॉल करने वाले ने खुद को आरजू बिश्नोई बताया और दिलनूर से कहा कि वह अपने दोस्त, बॉलीवुड और पंजाबी सिंगर बी प्राक को बताएं कि वह 10 करोड़ रुपये की फिरौती दे दें, नहीं तो एक हफ्ते के अंदर बुरे नतीजे होंगे। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई देश का कुख्यात गैंगेस्टर है, जो इस समय जेल में बंद है और वहां से ऑपरेट करता है। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी लॉरेंस का नाम सामने आया था। दिलनूर की शिकायत के अनुसार, 5 जनवरी को उन्हें एक विदेशी नंबर से दो मिस्ड कॉल आए, जिनका उन्होंने जवाब नहीं दिया। 6 जनवरी को उन्हें एक दूसरे विदेशी नंबर से कॉल आया। जब दिलनूर ने कॉल उठाया और बातचीत संदिग्ध लगी, तो उन्होंने फोन काट दिया। इसके तुरंत बाद, उन्हें एक वॉइस मैसेज मिला जिसमें फिरौती की धमकी थी। ऑडियो मैसेज में, कॉल करने वाले ने कथित तौर पर कहा कि एक हफ्ते के अंदर 10 करोड़ रुपये देने होंगे, नहीं तो बी प्राक को गंभीर नुकसान होगा।

### हार के बाद ठाकरे बंधुओं की आई प्रतिक्रिया

## मनसे प्रमुख बोले- महाराष्ट्र-मराठी पहचान के लिए संघर्ष

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने बीएमसी चुनाव के बाद मराठी समाज और मराठी पहचान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि चाहे चुनाव में उम्मीद के मुताबिक सफलता न मिले, उनका संघर्ष मराठी भाषा, मराठी लोगों और समृद्ध महाराष्ट्र के लिए हमेशा जारी रहेगा।

राज ठाकरे ने अपने संदेश में कहा सबसे पहले, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और शिवसेना के सभी निर्वाचित पार्षदों को हार्दिक बधाई। यह चुनाव आसान नहीं था। यह पैसों और सत्ता की ताकत के खिलाफ शिवशक्ति की जंग थी। फिर भी, हमारे कार्यकर्ताओं ने बेहतरीन संघर्ष किया। उनका यह योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

उन्होंने मनसे की कमी को स्वीकार किया, लेकिन जोर देते हुए कहा कि चुनाव हारने का मतलब यह नहीं कि हिम्मत हार जाए। निर्वाचित पार्षद मराठी लोगों के हितों की रक्षा करेंगे और अगर मराठी समाज के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है, तो उन्हें जवाब देंगे। राज ठाकरे ने आगे कहा हमारा संघर्ष मराठी लोगों, मराठी भाषा, मराठी पहचान और समृद्ध महाराष्ट्र के लिए है। यह संघर्ष ही हमारी असल पहचान है। जो भी गलत हुआ, जो अधूरा रह गया, उसे मिलकर हम सुधारेंगे और आगे की रणनीति बनाएंगे।

## छोटी सी जिदः सहारनपुर में बेटी-बेटे को जहर दे मां ने दी जान

**सहारनपुर।** जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां गागलहेड़ी इलाके के बलियाखेड़ी गांव में एक महिला ने घर में विवाद के बाद दो बच्चों को जहर देकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं जांच शुरू कर दी है।



दरअसल, बलियाखेड़ी गांव में शौचालय पहले इस्तेमाल करने की छोटी सी जिद थी, कोई बड़ा विवाद नहीं था, लेकिन उसका परिणाम इतना घातक होगा यह किसी ने नहीं सोचा होगा। मामूली सी बात ने एक मां और उसके दो बच्चों की जिंदगी को हमेशा के लिए खामोश कर दिया। शौचालय तो वहीं रहेगा, लेकिन तीन जिंदगी इस दुनिया से चली गईं, जो अपने पीछे कई सवाल छोड़ गईं। क्या जान इतनी सस्ती है कि मनीता ने पल भर में मौत को गले लगा दिया। दरअसल, पुलिस की जांच के दौरान सामने आया कि मनीता का अपने पति और ससुरालियों के साथ अक्सर झगड़ा होता था। बृहस्पतिवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे की जो वजह सामने आई वह बेहद हैरान कर देने वाली है। गागलहेड़ी थाना प्रभारी के अनुसार, मनीता सुबह के समय छत पर बने शौचालय का इस्तेमाल करना चाहती थी। छत पर जेठानी का परिवार था। उनके बीच कहासुनी हुई और वह शौचालय का इस्तेमाल नहीं कर सकी। इसके बाद वह घर से निकल गई।

## अमेजन के जंगलों में पहली बार दिखे 'नंगे आदिमानव', पूरी दुनिया में हड़कंप

**वाशिंगटन।** दुनिया में पहली बार अमेजन के जंगलों में आदिमानवों का झुंड दिखाई दिया है। इसका वीडियो फुटेज सामने आया है, जिसमें वह प्राकृतिक (लकड़ी, पत्थर व अन्य धातुओं) के हथियारों के साथ नग्न अवस्था में दिखाई दिए हैं। दावा किया जा रहा है कि इससे पहले अमेजन के जंगलों में इस तरह के अनसंपर्कित जनजाति को कभी न देखा गया।

एक वीडियो फुटेज में देखा जा रहा है कि इस दुर्लभ जनजातियों का झुंड हथियार लिए है। ड्रोन देखने के बाद उन्होंने अपने हथियार नीचे कर दिए। इसके बाद खाने-पीने से भरी एक नाव से भेजी गई सामग्री को स्वीकार किया। अमेजन वर्षावन के गहन जंगलों में छिपी इस अनसंपर्कित जनजाति का कभी नहीं देखा गया हाई-डेफिनिशन फुटेज सामने आया है, जो दुनिया भर में सनसनी फैला रहा है। अमेरिकी संरक्षणवादी और लेखक पॉल रोसोली ने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के शो में यह दुर्लभ वीडियो साझा किया, जिसे उन्होंने इसे विश्व में पहली बार होना बताया है। यह फुटेज पेरू के अमेजन क्षेत्र में माशको पिरो जनजाति का माना जा रहा है, जो आधुनिक सभ्यता से पूरी तरह अलग-थलग रहती है। वीडियो में जनजाति के योद्धा तितलियों के बादल के बीच नदी तट पर सतर्कता से निकलते दिख रहे हैं। वे आगंतुकों को गौर से परखते हुए हाथों में धनुष-



बाण और अन्य हथियार लिए हुए हैं। शुरूआत में तनावपूर्ण माहौल है और वे हमले की मुद्रा में हैं। रोसोली ने बताया कि वे उनकी बॉडी लैंग्वेज पर नजर रख रहे थेः देखिए कैसे वे चलते हैं, कैसे इशारा करते हैं, एक व्यक्ति तीर चढ़ा रहा है।

दुर्लभ जानजातियों के बीच जैसे-जैसे खाने से भरी बिना मोटर वाली एक नाव उनके पास पहुंची, उसको उन्होंने सहजता से स्वीकार किया। इसमें केले, गन्ना और अन्य फल थे। जनजाति के सदस्यों ने धीरे-धीरे अपने हथियार नीचे कर दिए। रोसोली ने कहा, ह्लजैसे वे करीब आए, उन्होंने हथियार रखना शुरू कर दिया। देखिए, वह अपना धनुष-बाण नीचे रख रहा है। उनके अंदर पैदा हुआ यह विश्वास का एक नाजुक पल था, जहां हिंसा की बजाय जिज्ञासा और स्वीकृति दिखी। रोसोली दो दशकों से अमेजन में काम कर रहे हैं और अपनी संस्था जंगलकीपर्स के माध्यम से 1.3 लाख एकड़ जंगल की रक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि जनजाति को कई नावों में फल दिया गया। बाद में एक सदस्य ने कपड़े मांगे, तो टीम ने शर्ट और पैंट देकर मदद की। यह फुटेज अनसंपर्कित जनजातियों की संवेदनशीलता और खतरे को रेखांकित करता है। अवैध लॉगिंग, खनन और बाहरी संपर्क से उनकी जमीन और संस्कृति खतरे में है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे संपर्क से बीमारियां फैल सकती हैं, जो उनकी आबादी को नष्ट कर सकती हैं। रोसोली ने जोर दिया कि इन जनजातियों को अलग रखना जरूरी है, ताकि वे अपनी इच्छा से जी सकें। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जहां लोग इसकी प्रामाणिकता और सुंदरता पर चर्चा कर रहे हैं। यह घटना अमेजन की जैव-विविधता और आदिवासी अधिकारों की रक्षा की वैश्विक बहस को फिर से तेज कर रही है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# फिर कोहरे में छुपा ताज



कोहरे के बढ़ते असर और धूप देर से निकलने की वजह से शनिवार सुबह ठिठुरन का अहसास बढ़ गया। ताजनगरी में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा हालांकि दिन निकलने के साथ धूप निकल आई लेकिन सुबह के समय गलनभरी सर्दी महसूस हुई। ताजमहल भी कोहरे की चादर में ढक गया।

# बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के लिए हुई पहली रजिस्ट्री

एनएनआई

**मथुरा।** कान्हा की नगरी वृन्दावन में ठाकुर बांके बिहारी जी के भक्तों के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। भव्य और दिव्य ' बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर' के निर्माण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को भूमि की पहली रजिस्ट्री सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से कॉरिडोर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से न केवल दर्शन सरल होंगे, बल्कि समूचे ब्रज क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।



बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए आज बिहारी पुरा क्षेत्र की संपत्ति संख्या- 25 के एक भाग (69.26 वर्ग मीटर) की रजिस्ट्री तहसीलदार सदर के पक्ष में की गई। यति गोस्वामी, अभिलाष गोस्वामी और अनिकेत गोस्वामी ने इस पुनीत कार्य हेतु सहर्ष अपनी भूमि का विक्रय- विलेख (सेल डीड) निष्पादित किया। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह और अपर जिलाधिकारी डॉ० पंकज कुमार वर्मा के प्रयासों से हुई यह पहली रजिस्ट्री कॉरिडोर निर्माण के संकल्प को धरातल पर उतारने की शुरूआत है।

उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार गठित इस उच्चाधिकार प्राप्त समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार की अध्यक्षता में प्रशासन, पुलिस, पुरातत्व विभाग और गोस्वामी समाज के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति ने मंदिर के गोस्वामियों, सेवायतों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों के साथ निरंतर बैठकें कर सभी के सुझावों को इस योजना में शामिल किया है। यह कॉरिडोर वृंदावन की प्राचीन दिव्यता को बनाए रखते हुए आधुनिक जरूरतों को पूरा करेगा।

इस भव्य निर्माण से ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर एक नई पहचान मिलेगी और ठाकुर जी के भक्तों के लिए दर्शन की राह आसान हो जाएगी। प्रस्तावित कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित वातावरण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और सुगम प्रवेश-निकासी द्वार बनाए जाएंगे, जिससे संकरी गलियों में होने वाली भीड़ का दबाव कम होगा।

कॉरिडोर के निर्माण से वृन्दावन में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिसका सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को होगा। नए होटलों, रेस्टोरेंटों और दुकानों के खुलने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। समिति ने यह भी घोषणा की है कि जो लोग स्वेच्छा से कॉरिडोर हेतु अपनी जमीन पहले प्रदान करेंगे, उन्हें भविष्य में दी जाने वाली सुविधाओं में वरीयता दी जाएगी।

अभी तक श्रद्धालुओं को वृंदावन की संकरी गलियों के कारण भारी परेशानी और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ता था। कॉरिडोर बनने के बाद बांके बिहारी जी के दर्शन अत्यंत सुलभ हो जाएंगे। यह प्रोजेक्ट न केवल वृन्दावन की ऐतिहासिक पहचान को सुरक्षित रखेगा, बल्कि आधुनिक तीर्थयात्रियों की जरूरतों को भी पूरा करेगा। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इस पवित्र कार्य में सभी अपना सहयोग दें ताकि ब्रज की महिमा वैश्विक पटल पर और अधिक चमके।

## कोहरे में स्कूली वाहन भिड़े, हादसे में एक बच्चा घायल, जैतई मार्ग पर फिसला ट्रक

**हाथरस** एनएनआई। जिले के सादाबाद में आज सुबह करीब 9 बजे घने कोहरे के कारण दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। मथुरा मार्ग पर नगला सकत सिंह के पास दो स्कूली वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक बच्चा घायल हो गया। वहीं, जैतई मार्ग पर एक ट्रक सड़क किनारे फिसलकर कच्चे रास्ते में उतर गया।



जानकारी के अनुसार, स्कूलों की छुट्टियां खत्म होने के बाद शनिवार से नियमित रूप से स्कूल वाहन बच्चों को लाने-ले जाने का काम कर रहे थे। सुबह घना कोहरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम थी। नगला सकत सिंह के पास दोनों स्कूली वाहनों के चालकों को एक-दूसरे का वाहन समय पर दिखाई नहीं दिया, जिससे टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे में एक बच्चा घायल हो गया, जिसे तुरंत एक निजी क्लिनिक ले जाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे की हालत स्थिर है और उसे गंभीर चोटें नहीं आई हैं।

इसी दौरान, सादाबाद-जैतई मार्ग पर भी घने कोहरे के चलते एक ट्रक सड़क किनारे फिसलकर कच्चे रास्ते में उतर गया। चालक और क्लीनर को सामने कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। हालांकि, ट्रक किसी पेड़ या अन्य वाहन से नहीं टकराया, जिससे चालक और क्लीनर सुरक्षित रहे। शनिवार सुबह से ही पूरे क्षेत्र में कोहरे की घनी चादर छाई रही। वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा।

## पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे घायल, गिरफ्तार



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** टूंडला थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो अंतरजनपदीय शातिर अपराधी घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है और उन्हें पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टूंडला पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रवि उर्फ रविया पुत्र भगवान दास और किताब सिंह पुत्र रघुवीर के रूप में हुई है। ये दोनों एटा जनपद के कोतवाली शहर थाना क्षेत्र स्थित हिंदू नगर झुग्गी बस्ती के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि निहाल सिंह की पुलिया बाईपास के पास एक बिना नंबर प्लेट का ऑटो खड़ा है। इसमें सवार दो संदिग्ध व्यक्ति जनपद में चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की।

# डेयरी ग्रुप और कंपनियों पर इनकम टैक्स का सर्वे जारी

**नोट गिनते-गिनते थक गए अधिकारी, 20 करोड़ से ज्यादा के आभूषण और रकम मिली**

एनएनआई

**आगरा।** धौलपुर फ्रेश ब्रांड से घी बनाने वाले भोले बाबा डेयरी ग्रुप समेत खाद्य उत्पाद क्षेत्र से जुड़े देशभर के पांच कारोबारियों की फर्मों पर आयकर के छापे दूसरे दिन भी जारी रहे। दो दिन की कार्रवाई के दौरान आयकर अधिकारियों को अकेले भोले बाबा मिल्क फूड्स धौलपुर ग्रुप के एक ठिकाने से अब तक 20 करोड़ रुपये से ज्यादा के सोने-चांदी व हीरे के आभूषण मिल चुके हैं। अन्य ठिकानों पर भी टीमें आभूषणों का मूल्यांकन करने में जुटी हैं।



साथ ही सभी जगह मिले बहीखातों का मिलान ई-वे बिल, टोल प्लाजा और आवासीय व कारोबारी परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये किया जा रहा है। वहीं, धौलपुर ग्रुप के अलावा टीमें मिलावटी घी बनाने के आरोपों में घिरी दाऊजी मिल्क प्रोडक्ट्स और पोद्दार मिल्क प्रोडक्ट्स फर्म और उनके उत्पादों को कई जिलों में खपाने वाले बीकानेर के आशीष अग्रवाल ग्रुप और जोधपुर के मलानी ग्रुप के भी ठिकानों पर मिले दस्तावेजों की जांच जारी है। सूत्रों का कहना है कि इन सभी जगहों से आयकर टीमों को करोड़ों रुपये की नकदी भी मिली है। हालांकि जांच में जुटी टीमों की रेड पूरी होने तक आयकर विभाग के अधिकारी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

बता दें, आयकर विभाग कानपुर जोन के प्रधान निदेशक (अन्वेषण) पीयूष कोठारी के निर्देश पर आयकर उप निदेशक हार्दिक अग्रवाल के नेतृत्व में आयकर अधिकारी हर्षवर्धन, रंजन सैनी, संजीव कुमार, सोहनलाल के नेतृत्व में 150 से ज्यादा कर्मचारियों की टीमें आगरा, कानपुर, मथुरा, भरतपुर, अलीगढ़, गौतमबुद्ध नगर व दिल्ली समेत देशभर के 35 ठिकानों पर कार्रवाई कर रही हैं। सर्च के दौरान आगरा निवासी कारोबारी कृष्ण मुरारी अग्रवाल, गोविंद व तरुण अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, जितेंद्र व वीरेंद्र अग्रवाल के आगरा, कानपुर, अलीगढ़, गौतमबुद्ध नगर स्थित आवासीय व व्यावसायिक ठिकानों पर तलाशी ली गई। इस दौरान बेनामी संपत्तियों, विदेशी निवेश तक के साक्ष्य मिले हैं।

## हाइवे से छात्रा को जबरन ऑटो में बैठाने वाला भेजा जेल

एनएनआई

**एत्मादपुर।** हाइवे पर वाहन का इंतजार करती एफएच मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई करने वाली छात्रा की शिकायत पर इलाका पुलिस ने फिरोजाबाद के आरोपी ऑटो चालक युवक को जेल भेज दिया है। हालांकि प्रारंभिक जांच पड़ताल में मामला एक तरफा प्रेम प्रसंग का बताया गया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इटावा जनपद के थाना वैदपुरा क्षेत्र के गांव अधियापुरा निवासी शिवराम की पुत्री दीक्षा (20 वर्ष) एफएच मेडिकल कॉलेज (टूंडला) में इस समय बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। वह यहां नगर में विनोद कुमार के मकान में किराए पर रहती है। विगत दिवस सुबह नौ बजे जब कालेज जाने को तहसील चौराहे पर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रही थी, उसी दौरान फिरोजाबाद के थाना अरांव क्षेत्र के गांव नगला हरी निवासी ओमकांत पुत्र दयाराम अचानक आकर उसका हाथ पकड़कर जबरन अपने ऑटो में बैठाने लगा। विरोध करने पर भी उसने छात्रा का हाथ नहीं छोड़ा तो उसके शोर मचाने पर जमा हुई आसपास के दुकानदार और राहगीरों की भीड़ ने उसकी पिटाई लगा दी।



**बीएससी नर्सिंग की छात्रा पढ़ाई करने जा रही थी एफएच कॉलेज**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को मौके से पकड़ लिया। छात्रा द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने एफआईआर में अपने साथ छेड़खानी करने और हाथ मरोड़ ने का आरोप लगाया है। छात्रा ने बताया कि उसके गांव में आरोपी की रिश्तेदारी होने के चलते वह उसको पहले से जानती थी। ओमकांत फिरोजाबाद में रहकर ऑटो चलाता था। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में प्रथम दृष्टया मामला एक तरफा प्रेम प्रसंग का निकला है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## खुलासाः 1.40 लाख की लूट की कहानी निकली फर्जी

एनएनआई

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के सैयद कट पर 1.40 लाख रुपये और सोने की अंगूठी की लूट का मामला पुलिस जांच में पूरी तरह फर्जी निकला। ढलाई कारखाना संचालक ने कर्ज की रकम लौटाने से बचने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। पुलिस अब वादी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि नुनिहाई निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह बस से सैयद कट पर उतरने के बाद लुटेरों का शिकार हो गया और उससे 1.40 लाख रुपये नकद व सोने की अंगूठी लूट ली गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और वादी की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की भी पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि कोरोना काल में राजेंद्र कुमार के कारखाने को भारी नुकसान हुआ था, जिसके चलते उसने कर्ज लिया था। हाल ही में उसे 1.15 लाख रुपये लौटाने थे, जिसके लिए कर्जदाता ने 10 जनवरी तक का समय दिया था। कर्ज चुकाने के दबाव से बचने के लिए राजेंद्र अपने परिवार के साथ इटावा स्थित ससुराल चला गया। पुलिस ने ससुराल पक्ष से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि राजेंद्र के पास कोई नकद रकम नहीं थी। इसके बाद कर्ज देने वाले व्यक्ति को भी थाने बुलाकर पूछताछ की गई, जिसमें लूट की कहानी पूरी तरह झूठी साबित हो गई। मामला फर्जी पाए जाने के बाद अब झूठी सूचना देने और पुलिस को गुमराह करने के आरोप में वादी राजेंद्र कुमार के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## थाना मंटोला की कमान इंस्पेक्टर सुरेशचन्द्र को

**आगरा एनएनआई।** पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। एक सप्ताह के भीतर थाना मंटोला को दूसरा नया प्रभारी निरीक्षक मिला है। लंबे अवकाश पर महिला निरीक्षक शैली राणा गई हैं। ऐसे में थाना मंटोला की कमान निरीक्षक सुरेश चंद्र को सौंपी गई है। पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया है।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## किराएदार महिला ने मकान मालिक के यहां की चोरी

एनएनआई

**आगरा।** थाना एकता के कहरई क्षेत्र के चारुल एन्क्लेव में किराये पर रहने वाली मैनपुरी निवासी प्रिया ने मकान मालकिन की अलमारी से लाखों के गहने चोरी कर लिए। आरोप है कि गहने बेचकर उसने आईफोन ले लिया। इसके बाद अपने मंगेतर के साथ घर में रखा सारा सामान लेकर भाग निकली। पीड़िता ने युवती और उसके मंगेतर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

अर्चना शर्मा ने बताया कि उनके घर में 30 नवंबर 2025 को मैनपुरी निवासी युवती किराये पर रहने आई थी। कहरई के चटका देवी मंदिर के पास रहने वाला आकाश खुद को उसका मंगेतर बताता था। घर में उसका भी आना-जाना लगा रहता था। पीड़िता के अनुसार 30 दिसंबर को उन्होंने अपनी अलमारी खोली थी। तब प्रिया भी वहां थी। उसने गहने देख लिए थे। इसके बाद 31 दिसंबर को उसने अपने पिता की तबीयत खराब बताकर इलाज के लिए लखनऊ ले जाने की बात कही। 1 जनवरी को उसने नया आईफोन दिखाया और कहा कि आकाश ने नए साल पर गिफ्ट दिया है।

2 जनवरी को वह बाजार गई थीं तभी आकाश घर पर आया और प्रिया का सारा सामान ले गया। दोपहर में प्रिया खाना लाने की बात कहकर घर से निकली और फिर वापस नहीं लौटी। जब फोन किया तो उसने कॉल रिसीव नहीं किया। इस दौरान पीड़िता के छोटे बेटे ने बताया कि प्रिया का सारा सामान आकाश पहले ही लेकर जा चुका है। संदेह होने पर जब उन्होंने अपनी अलमारी खोली तो उसमें रखा एक हार, एक सोने की चेन, दो अंगूठी और 10 हजार रुपये गायब थे। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## तीन महीने से लापता किशोरी का सुराग नहीं, ब्राह्मण समाज का पुलिस को अल्टीमेटम

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के बजरंग नगर से 24 अक्टूबर 2025 को लापता हुई किशोरी तान्या मिश्रा का तीन महीने बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। बेटी की तलाश में भटकते-भटकते पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस जांच से संतोष न होने पर परिजनों ने ब्राह्मण समाज से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार की अपील पर 10 जनवरी को ब्राह्मण समाज की बैठक हुई थी। इसके बाद 12 जनवरी को समाज के पदाधिकारी पुलिस अधिकारियों से मिले और मामले में तेजी से कार्रवाई की मांग की। इसी क्रम में सोमवार को ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने थाना ट्रांस यमुना पहुंचकर जांच अधिकारी के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ब्राह्मण समाज ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा या उसकी बरामदगी



नहीं हुई तो थाने का घेराव किया जाएगा। साथ ही बड़े आंदोलन की भी चेतावनी दी गई है। किशोरी के पिता विनय मिश्रा ने कहा कि तीन महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकाल पाई है, जिससे परिवार बेहद परेशान है। वहीं समाजसेवी पवन समाधियां ने कहा कि यदि तय समय सीमा में बच्ची का पता नहीं चला तो ब्राह्मण समाज सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच जारी होने की बात कह रही है, लेकिन समय बीतने के साथ परिजनों की चिंता और समाज का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 17 जनवरी, 2026


# आईसीडीएस पोषण अभियान में जनपद की प्रगति रही खराब

## मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने की सीएम डैशबोर्ड एवं मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा

एनएनआई



**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड एवं मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की गयी। विगत माह की अपेक्षा इस माह में आगरा की रैंक 61वें, मथुरा की रैंक 63, फिरोजाबाद की 42 और मैनपुरी 25वें स्थान पर रहा। रैकिंग में सुधार लाने हेतु आयुक्त महोदय द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यक्रमों की तुलनात्मक समीक्षा की गयी।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अन्तर्गत दशमेत्तर एवं पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में चारों जिलों में खास प्रगति नहीं होने पर इसी माह में सुधार हेतु निर्देशित किया। ग्राम्य विकास में आगरा, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति में मैनपुरी और फिरोजाबाद, नियोजन विभाग के फैमिली आई में आगरा व मैनपुरी, पर्यटन राज्य योजना में आगरा, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण में फिरोजाबाद की खराब रैंक पर सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। आई सी डी एस पोषण अभियान में चारों जिलों की प्रगति खराब रही। सुधार लाने हेतु ठोस कदम उठाये जाने के निर्देश दिए। पीडब्लूडी द्वारा आगरा, फिरोजाबाद और मथुरा में धीमी गति से किए जा रहे सेतुओं व नई सड़कें के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। सीएम युवा उद्यमी विकास में फिरोजाबाद और मथुरा की प्रगति में सुधार लाया जाए। लोक शिकायत में निर्माण कार्यों से जुड़ी लंबित परियोजनाओं कार्य त्वरित व गुणवत्तापूर्ण कर चारों जिलों की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। निमार्णाधीन वृहद गौसंरक्षण केन्द्र में विगत माह सिर्फ बमनई कला में एक गौशाला का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। अन्य 7 स्थलों पर विगत दो माह से कोई प्रगति नहीं होने पर मण्डल आयुक्त महोदय नाराजगी व्यक्त की गयी और सम्बन्धित अधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। चारों जिलों में लगातार अभियान चलाते हुए आवारा गोवंश को संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए। गौशाला से लिंक गोचर भूमि सम्बन्धी योजना का व्यापक रूप से प्रचार किया जाए। अवशेष गो आश्रय स्थलों को सीसीटीवी कैमरे से आच्छादित किया जाए। ठण्ड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था बनी रहे। सभी मुख्य विकास अधिकारी उपरोक्त सभी का अनुपालन सुनिश्चित करायें।

मण्डल में 50 करोड़ की लागत से ऊपर की योजनाओं की समीक्षा की गई। आगरा मण्डल में कार्यदायी संस्था सेतु निगम, जल निगम नगरीय, जल निगम ग्रामीण, राजकीय निर्माण निगम, सी एंड डी एस आदि द्वारा किए जा रहे धीमी गति से विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं अन्य परियोजनाओं में किन्हीं कारणों से बाधा आने पर सम्बन्धित मुख्यालय अथवा शासन से समन्वय कर निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

# जनपद में चल रहे विकास कार्यों में लाएं सुधारः मंडलायुक्त

एनएनआई



**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में लघु सभागार में मण्डल स्तरीय कर-करेत्तर एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कर वसूली की समीक्षा की गयी। वाणिज्य कर में मथुरा को छोड़कर तीनों जिले क्रमिक उपलब्धि के लक्ष्य से काफी पीछे रहे, वसूली प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन में आगरा और फिरोजाबाद क्रमिक उपलब्धि के लक्ष्य से पीछे रहे।

आबकारी मद में आगरा और विद्युत व खनिज मद में फिरोजाबाद की प्रगति खराब रही, सुधार लाने के निर्देश दिए। परिवहन में आगरा और मथुरा में वसूली की प्रगति बढ़ाई जाए तथा ज्यादा से ज्यादा आरसी वसूली किए जाने के निर्देश दिए। विधिक माप विज्ञान में चारों जिलों की वसूली प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गये कि चारों जिलों में सभी मदों में ज्यादा से ज्यादा आरसी की वसूली की जाए। जरूरत पड़ने पर प्रवर्तन की कार्यवाही भी अमल में लायी जाए। प्रगति में तेजी लाते हुए चारों जनपदों की रैंक में सुधार लाया जाए।

तत्पश्चात आईजीआरएस की समीक्षा की गयी। मण्डलीय प्रभारी व अपर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि दिसम्बर माह में मण्डल की रैंक में सुधार हुआ और प्रदेश में आगरा मण्डल चौथे स्थान पर आया है। समीक्षा करते हुए जनपदवार संतोषजनक फीडबैक प्रतिशत में आयुक्त महोदय ने अधिक वृद्धि किए जाने एवं आईजीआरएस में प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। विगत माह की अपेक्षा दिसम्बर माह में आगरा और मथुरा में शिकायतकर्ताओं से कम सम्पर्क किया गया।

अधिकारीवार असंतोषजनक फीडबैक की समीक्षा की गयी। शिकायतकर्ता से सम्पर्क नहीं किए जाने एवं असंतोष फीडबैक मिलने पर आयुक्त ने उप श्रमायुक्त, मुख्य अभियंता विद्युत, संयुक्त निबंधक सहकारिता विभाग आदि अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की तथा शिक्षा विभाग से जुड़े आईजीआरएस प्रकरणों में शिकायतकताओं से सम्पर्क नहीं किए जाने पर आयुक्त महोदय द्वारा फटकार लगाते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि शत प्रतिशत शिकायतकताओं से सम्पर्क किया जाए एवं शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो।

# ताजमहल में प्री-वेडिंग शूट,वीडियो वायरल



एनएनआई

**आगरा।** ताजमहल में प्री-वेडिंग शूट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें युवक शेरवानी और युवती लहंगा पहन कर वीडियो शूट करा रहे हैं।यह पहली बार नहीं है जब ताजमहल में प्री-वेडिंग शूट या डांस वीडियो शूट का मामला सामने आया है। इससे पहले भी कई बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें अरककी अनुमति के बिना ताजमहल के अंदर शूटिंग की गई है। अरक ने परिसर में साफ तौर पर बोर्ड लगा रखा है कि यहां डांस करना या रील बनाना सख्त मना है, लेकिन फिर भी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वॉयरल वीडियो में एक बेग भी दिख रहा है, जिसमें लहंगा और पर्स रखा है। लोगों का कहना है कि कपड़े ताजमहल में अंदर ही पहने गए हैं, जिससे ताज की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।सवाल यह है कि आखिर अरक की नाक के नीचे ताजमहल कमर्शियल शूटिंग स्पॉट कैसे बन गया है। क्या अरक की कार्यशैली में कोई कमी है या फिर ताजमहल की सुरक्षा में चूक के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।ताजमहल की सुरक्षा में चूक की जांच शुरू कर दी गई है,

# रेलवे पुल के नीचे ट्रैक के किनारे सूखी झाड़ियों लगी आग

एनएनआई



**आगरा।** थाना हरिपर्वत के निकट एमजी रोड पर रेलवे पुल के नीचे ट्रैक के किनारे सूखी झाड़ियों में अचानक आग लग गई। प्रभाव से आग फैली और लपटें पुल की ऊंचाई तक पहुँचने लगीं। पुल के ऊपर से गुजर रहे वाहन चालक आग देखकर सहम गए, जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। हादसे की आशंका को देखते हुए रेलवे कंट्रोल रूम को तुरंत सूचित किया गया।रेलवे लाइन के बेहद करीब आग होने के कारण ट्रेन संचालन पर खतरे को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत मोर्चा संभाला। गनीमत रही कि इस दौरान कोई मालगाड़ी या यात्री ट्रेन वहां से नहीं गुजर रही थी। अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, हालांकि आशंका जताई जा रही है कि किसी राहगीर द्वारा जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंकने से झाड़ियों ने आग पकड़ी होगी। थाना पुलिस और आरपीएफ की टीम सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन कर रही हैं।

# जरूरतमंद छात्रों को बांटे शीतवस्त्र



आगरा (एनएनआई)। श्यामलाल सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर यमुना ब्रिज में जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर, इनर, शीत वेश आदि का वितरण द ऑनरेबल सेक्रेटरी जीएस चंद्रा चेरिटेबल ट्रस्ट लंकाशायर इंग्लैंड द्वारा किया गया। शीत वेश प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। ऐसे अनूठे कार्य को पूर्ण कराने में स. वि. म. कमला नगर आगरा के पूर्व प्रधानाचार्य मान देवेंद्र दुबे की मुख्य भूमिका रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम सिंह ने जीएस चंद्रा चेरिटेबल ट्रस्ट तथा देवेंद्र दुबे सहित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संजीव दोनेरिया (प्रबंधक) सतीश चाहर (उपाध्यक्ष) आर पी गोयल (कोषाध्यक्ष) तथा निशि दोनेरिया उपस्थित रहें।

# हेल्प आगरा को मिली अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन



**आगरा (एनएनआई)।** हेल्प आगरा हॉस्पिटल में अत्याधुनिक नई एक्स-रे मशीन स्थापित हुई है। यह मशीन रोटरी क्लब के सहयोग से मुकेश मित्तल फाउंडेशन की ओर से भेंट की गई है। मोती कटरा स्थित हेल्प हॉस्पीटल में इसका विधिवत लोकार्पण फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य एवं हेल्प आगरा के निवर्तमान अध्यक्ष रामसरन मित्तल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष दीन दयाल अग्रवाल महासचिव जितेन्द्र जैन भी साथ थे। हेल्प आगरा के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने दानदाता परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसको शहर की स्वास्थ्य सुविधाओं की उन्नत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सराहनीय योगदान बताया। पूर्व महामंत्री किशन अग्रवाल ने बताया कि हेल्प हॉस्पीटल में 2016 में रोटरी क्लब के सहयोग से ही एक्स-रे मशीन स्थापित हुई थी। आज तक 10 सालों में इस मशीन से 1,90,099, एक्सरे हो चुके है। जो उल्लेखनीय है। समाजसेवी गौतम सेठ ने आशा व्यक्त की कि इस नई मशीन के स्थापित हो जाने से संस्था मरीजों को आधुनिक तकनीक आधारित बेहतर रेडियोलोजिक सेवा प्रदान कर सकेगी। मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल ने बताया कि हेल्प आगरा मात्र 125/ में डिजिटल एक्स-रे सेवा प्रदान कर रही है।तथा रविवार को भी यह सेवा उपलब्ध रहती है। इस मौके पर अजय मित्तल,अशोक बंसल, नरेश जैन, अमित मोरयानी , नितिन अग्रवाल, सुरेन्द्र शर्मा, टीएन अग्रवाल ,नीतेश अग्रवाल, डा. मोहित गुप्ता,विजय गोयल,राजीव गुप्ता, अजय गुप्ता, बी एल अग्रवाल, सहित कार्यकारिणी व आजीवन सदस्य ,व समाजसेवी मौजूद रहे। संचालन गौतम सेठ ने किया।

# पुष्पांजलि हास्पिटल की अनियमितताओं को लेकर प्रभारी मंत्री से की शिकायत

- मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग व जनपद प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यो तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई संपन्न
- भविष्य की ट्रैफिक व्यवस्था हेतु विभिन्न एलीवेटेड रोड, ब्रिज, अण्डरपास इत्यादि को शामिल करते हुए प्रस्ताव



एनएनआई

**आगरा।** मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग व जनपद प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यो तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक नवीन सर्किट हाउस सभागार में संपन्न हुई। प्रभारी मंत्री द्वारा सर्वप्रथम राजस्व विभाग की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि कुल 9991 विचाराधीन वाद हैं, एक वर्ष से अधिक 03 वर्ष से कम अवधि के 1333, 03 वर्ष से अधिक व 05 वर्ष से कम अवधि के 275 तथा 05 वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित वादों की संख्या 31 है, मंत्री ने कहा कि अगली बैठक से पूर्व धारा 24 व धारा 34 दोनों धाराओं में कोई भी वाद समय सीमा के उपरांत शेष नहीं होना चाहिए तथा दाखिला खारिज के सभी प्रकरणों में 45 दिन में कार्यवाही कर प्रकरण समाप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में आईजीआरएस की समीक्षा की गई तथा सभी प्रकरणों में संतुष्टि पूर्वक निस्तारण तथा प्रत्येक शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता कर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में बताया गया कि जनपद में 934353 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं तथा राशन डीलरों से सम्पर्क कर 06 यूनिट से अधिक राशन कार्ड धारकों को चिन्हित कर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है, बैठक में 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु मा0 मंत्री महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रभारी मंत्री के समक्ष पुष्पांजलि हास्पिटल की अनियमितताओं को प्रमुख रूप से उठाया गया, जिसमें अस्पताल द्वारा आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को बिना इलाज किए वापस कर देना, अस्पताल में स्थित मेडिकल स्टोर व फामेर्सी से ही दवाओं की खरीद को बाध्य करना तथा अस्पताल द्वारा अवैध निर्माण पर प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को जांच टीम बनाकर सभी प्रकरणों की जांच कर दोषी पाये जाने पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग की समीक्षा की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा पशु चिकित्साधिकारी फतेहपुर सीकरी द्वारा शराब पीकर कार्य करना, आमजन से खराब व्यवहार तथा गौवंशों की सुपूर्दगी में अनियमितता करने की शिकायत की गई, जिस पर प्रभारी मंत्री ने तत्काल सायं तक सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी को हटाने, मुख्यालय से सम्बद्ध कर शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए।

# नेशनल चैम्बर ने बजट से पहले केन्द्रीय वित्त मंत्री को बताई वेदना

एनएनआई



**आगरा।** नेशनल चैम्बर ने केंद्रीय वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजकर बजट में आयकर व जीएसटी के कलेक्शन के टारगेट को न बढ़ाने का अनुरोध किया है। कहना है कि टीटीजेड की बंदिशें होने के कारण कच्चा माल बाहर से मांगाना पड़ता है जिससे उत्पाद की कॉस्ट बढ़ जाती है। आगरा में स्पेशल इकनोमिक जोन घोषित होने से उद्योगों को उत्पाद की लागत में कमी आयेगी और आगरा प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में अपना स्थान बना सकेगा। आयकर की फेसलैस अपील में व्यापारियों को बहुत हानि हो रही है। अपील का निपटारा एक निर्धारित समय सीमा में होना चाहिये और निर्णय के समय सम्बन्धित अधिकारी को समस्त जवाबों और कागजों को संज्ञान में लेना चाहिये। चैंबर ने आगरा को स्पेशल इकनोमिक जोन घोषित किये जाने की मांग की है।मांग की गयी कि स्टैंडर्ड डिडेक्शन सैलरी क्लास के लिये एक लाख हो जाये। आवास ऋण पर ब्याज की छूट प्रदान की जानी चाहिये तथा जो छूट है वह वर्तमान परिस्थितियों के अनुकूल होनी चाहिये। एनपीएस की छूट मिलनी चाहिये, वरिष्ठ नागरिकों को एफडी की ब्याज पर छूट प्रदान की जानी चाहिये। अस्पताल में होने वाले खर्चे को 2 लाख के नकद खर्चे की सीमा के दायरे से बाहर करना चाहिये। पार्टनरशिप फर्म पर टैक्स रेट कम्पनीज के समान होनी चाहिये तथा पार्टनर पर टी.डी.एस. के नये प्रोविजन की समीक्षा होनी चाहिये। बैठक की अध्यक्षता चैम्बर अध्यक्ष संजय गोयल ने की। पूर्व अध्यक्ष एवं आयकर प्रकोष्ठ के चेयरमैन अनिल वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल सदस्य दीपक महेश्वरी, प्रार्थना जालान, सुनील गोयल, राजकिशोर खंडेलवाल, अनूप गोयल, अवनीश कौशल, राजकुमार भगत मौजूद रहे।

# पंच परिवर्तन के संकल्प के साथ होगा विराट हिन्दू सम्मेलन



- सनातन संस्कृति के संरक्षण का संदेश देगा विराट हिन्दू सम्मेलन
- विराट हिन्दू सम्मेलन का कमला नगर में हुआ पोस्टर का विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** हिंदू समाज को एकजुट करने, सनातन संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करने और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से कमला नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कमला नगर हिन्दू सम्मेलन समिति की ओर से सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन टेम्पटेशन रेस्टोरेंट में समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

आयोजन सचिव मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन को लेकर पूरे देश में लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को सत्यम पार्क, कमला नगर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कथा मर्मज्ञ मृदुलकांत शास्त्री, मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक बड़े दिनेश और विशिष्ट अतिथि साध्वी बृजकिशोरी धर्म, संस्कृति, राष्ट्र और समाज से जुड़े गंभीर विषयों पर बौद्धिक उद्बोधन देंगे।

मुरारी लाल फतेपुरिया ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का विशेष प्रयास किया जाएगा। इस आयोजन में संत-महात्मा, विद्वान वक्ता एवं समाज के लगभग पांच हजार प्रबुद्धजन भाग लेंगे। उन्होंने कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 18 जनवरी को भूमि पूजन, 19 को प्रचार रथ रवाना किया जाएगा, 23 को सरस्वती विद्या मंदिर से वाहन रैली निकाली जाएगी तथा 25 को विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगा।

पार्षद पंकज अग्रवाल और हरिओम बाबा ने बताया कि विराट हिन्दू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पंच परिवर्तन के माध्यम से हिन्दू समाज को जाग्रत करना है। समिति की ओर से सभी से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने की अपील की गई। इस अवसर पर महिला संयोजक सीमा अग्रवाल, रोहित जैन, भारत महाजन, अनिल अग्रवाल, आर. एस. गुप्ता, गुड्डू शर्मा, मीरा, श्रुति, सोनिया, प्रियंका, मीनू, मिल्क, श्वेता, साधना, सोनिया, मालती आदि मौजूद रहे।



# हाईवे पर बस रोकने पर सख्ती

## आज से सीज की होगी कार्रवाई, मंत्री ने दिए निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** जाम की बढ़ती समस्या को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। अब हाईवे के प्रतिबंधित स्थानों पर यात्रियों को चढ़ानेझउतारने वाली बसों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। शनिवार 17 जनवरी से नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों को सीज किया जाएगा। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि भगवान टॉकीज, अबुल उल्लाह दरगाह, वाटरवर्क्स चौराहा और रामबाग कट पर किसी भी स्थिति में बसें न रोकी जाएं। बस चालकों को केवल निर्धारित बस अड्डों से ही यात्रियों को लेने और उतारने के निर्देश दिए गए हैं।



शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में जाम की समस्या पर गंभीरता से चर्चा करते हुए सख्त कार्रवाई पर सहमति बनी। जिलाधिकारी अरविंद बंगारी ने कहा कि शनिवार के बाद यदि निगम की कोई भी बस इन प्रतिबंधित स्थानों पर खड़ी पाई गई, तो उसे तत्काल सीज कर दिया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से हाईवे पर यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और जाम से राहत मिलेगी। प्रशासन ने बस चालकों और परिचालकों से नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि यात्रियों को भी सुरक्षित और सुगम यात्रा मिल सके।

# अंधविश्वास की ओर धकेला जा रहा है देश: भदंत आनंद



एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय भिक्षु महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भदंत आनन्द ने पूर्वोदय बुद्ध बिहार चक्की पाठ आगरा में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि देश अंधविश्वास की ओर धकेला जा रहा है , देश का भाई चारा खंडित हो रहा है, सामाजिक संगठन एकता की विचार धारा को खंडित कर रहे है, दलित पिछड़े वंचित बहुजन समाज पर अत्याचार किया जा रहा है, धर्म के नाम पर साम्प्रदायिकता बढ़ रही है। समाज में एकता , भाई चारा और मानवता का सृजन करने के उद्देश्य से आगरा में 6, 7 और 8 मार्च 2026 को राष्ट्रीय भिक्षु महासंघ के तत्वाधान में एक विशाल बौद्ध राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय चिंतन शिविर में देश भर से भंते शिरकत करेंगे , इस विशाल बौद्ध राष्ट्रीय सम्मेलन एवं चिंतन शिविर के मुख्य संयोजक भदंत ज्ञानदीप के शिष्य भदंत आनंद रतन और मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष भदंत आनन्द होंगे।

# छात्रों, शोधार्थियों में उद्यमिता की भावना को किया प्रोत्साहित



एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज में एक विशेष जागरूकता शिविर और अवेयरनेस सेशन का सफल आयोजन कुलपति प्रो आशु रानी के मार्गदर्शन से किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षकों में उद्यमिता एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता योगेश तोमर, प्रबंधक, विवेकानंद इनक्यूबेशन फाउंडेशन ने बताया कि फाउंडेशन ने अब तक 10 स्टार्टअप्स को सफलतापूर्वक इनक्यूबेट किया है। उन्होंने छात्रों को अपने नवाचारी विचारों को प्रस्तुत करने, विशेषज्ञों से फीडबैक प्राप्त करने और शुरूआती चरण के उद्यमों के लिए उपलब्ध संसाधनों व समर्थन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विवेकानंद इनक्यूबेशन फाउंडेशन विश्वविद्यालय के छात्रों और युवा उद्यमियों को मेंटरिंग, फंडिंग, नेटवर्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस जागरूकता सत्र में 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने स्टार्टअप से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के जवाब तथा मूल्यवान सुझाव प्राप्त किए।

कुलपति प्रो आशु रानी द्वारा बताया गया की यह आयोजन विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए तैयार कर रहा है। प्रोफेसर आर.के. अग्निहोत्री, संकाय अध्यक्ष, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप शुरू करना न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि नए आयामों और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने युवाओं को नवाचार की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।सत्र में स्कूल के कई संकाय सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिनमें

डॉ. सुरभि महाजन, डॉ. उदिता तिवारी, डॉ. मोनिका अस्थाना, डॉ. अंकुर शर्मा, डॉ. नीलू सिन्हा, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अनामिका, डॉ. निभा, डॉ. अजीत चाहर, डॉ. कृति, दिव्या, सुश्री रोशिता, आस्था सहित अन्य शिक्षकगण शामिल रहे।

# गौ सेवा संकल्प परिवार ने छात्रावास में बांटी सामग्री

एनएनआई

**आगरा।** गौ सेवा संकल्प परिवार द्वारा मकर संक्रांति के शुभ पर्व पर श्रीमती राज फरसैया छात्रावास (आरबीएस कॉलेज के पास) की बच्चियों को राशन व कुछ नाश्ते का सामान दिया गया।

वहां उन बच्चियों की देखभाल का उत्तरदायित्व चंद्र दत्त शर्मा व वंदना शर्मा संभालते हैं। गौ सेवा संकल्प परिवार की संस्थापक रितु गोयल ने बताया कि हर माह की गौ सेवा के साथ-साथ प्रति वर्ष मकर संक्रांति पर्व पर सभी के द्वारा राशन का सामान दान किया जाता है। श्रुति सिन्हा, अंजली स्वरूप, रचना कपूर, साक्षी शर्मा, डॉ माधवी कुलश्रेष्ठ, डॉली अग्रवाल व मोंटी अग्रवाल ने सभी व्यवस्था संभाली। वर्षा अग्रवाल, कुमुद पांडे, ममता पचौरी, अखिलेश पांडे, अनीता गुप्ता, वंदना परिहार, अवधेश उपाध्याय, सरिता सिंह, नीलम गुप्ता, रेखा तिवारी, ऋचा गोयल, राजकुमारी पाराशर, सीमा पांडे, दीपा मित्तल, शीरू गुप्ता, आशा व्यास, कीर्ति, पीयूष गर्ग, कमलेश सिंघल, कुमुद सिंघल, ऋतुवी, मीना सिंह, एस.के.बग्गा, आर.के.कपूर, ममता मित्तल, ऊषा अग्रवाल, आराधना श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, रवि जैन, डॉ कल्पना पोरवाल, डॉ रचना, बब्बल परमार, अनु अरोरा, पूजा भारद्वाज, रितु जैन, अंजू सिंह, सरिता शाक्य, रश्मि चोपड़ा, आशा अग्रवाल, रेखा रानी, पूनम अग्रवाल, पूजा भूमिक, प्रीति भार्गव, शिखा अग्रवाल, अरविंद शर्मा, गीता मयंक, निकिता श्रीवास्तव, मोनिका खत्री, प्रभा गुप्ता, नीतू अग्रवाल आदि सभी का सहयोग रहा।



# विवि ने स्कूली बच्चों के लिए लगाया निशुल्क जांच शिविर

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी एण्ड पैरामेडिकल साइंसेस द्वारा कुलपति प्रो आशु रानी के मार्गदर्शन में गुरुकुल विद्यालय, रामबाग में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में स्कूली बच्चों और आमजन को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिनमें रक्तचाप (बीपी) जाँच, शुगर जाँच, निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शामिल रहे। सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत ऊँचाई, वजन, बॉडी मास इंडेक्स,



पल्स रेट, रेस्पिरेटरी रेट, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप एवं तापमान की जाँच की गई।

स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य पोटली भी वितरित की गई। आयोजकों ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रोगों की समय रहते पहचान करना है।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. गौरव राजौरिया एवं सह समन्वयक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, अरिंजय जैन तथा डॉ. सजल अग्रवाल रहे। शिविर में फामेर्सी विभागाध्यक्ष डॉ. रवि शेखर शर्मा, डॉ. स्वेतलाना सहित फॉर्म.डी. के सभी छात्रों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने जाँच एवं परामर्श कार्य में सहयोग किया।

गुरुकुल विद्यालय की प्रधानाचार्या आरती कुशवाहा ने फामेर्सी विभाग के फार्म.डी. के छात्रों का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल आयोजन में छात्र अमन चौधरी, सलोनी गुप्ता, प्रिया, यश गौतम, राहुल यादव, संजय कुमार वर्मा, आदित्य सिंह, नितिन कुमार एवं निखिल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## पिता श्री प्रजापिता पुण्य स्मृति दिवस पर मानवता, प्रेम, सेवा का संकल्प ले की विश्व शांति की प्रार्थना

**बाह** एनएनआई। ट्यूबबैल कॉलोनी बाह में पिता श्री प्रजापिता पुण्य स्मृति दिवस पर ब्रह्मकुमारी बहन, भाइयों ने मानवता, प्रेम एवं सेवा का संकल्प लेकर विश्व शांति की प्रार्थना की। पुण्य स्मृति दिवस की शुरूआत ब्रह्मकुमारी बहन, भाइयों को टीका लगा कर की गई। ब्रह्मकुमारी बहनों मधु एवं माला ने ब्रह्मा बाबा द्वारा सत्य ज्ञान देकर सतयुग की स्थापना के दिखाए मार्ग के अनुसरण का संकल्प दिलाया। उनके त्याग और तपस्या का बखान कर मूल्यों को जीवन में उतारने को प्रेरित किया। विश्व शांति और सकारात्मक विचारों पर मंथन किया। इस दौरान ब्रह्मकुमारी बहन रेखा, वर्षा, सपना, भाई सत्यप्रकाश, रामलाल, प्रवीन, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

## छुट्टा मवेशियों को पकड़ कर भेजा गौशाला

एनएनआई

**बाह।** जैतपुर के नहटौली गांव के बाद शुक्रवार को बाह के रामपुर चंद्रसेनी गांव के मजरा गुही में किसानों ने गेंहू, आलू और सरसों की फसल नष्ट करने वाले छुट्टा मवेशी को खेतों से लाकर गांव के खंडहर में घेर लिया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान की पहल पर घेरे गये छुट्टा मवेशी को ट्यूबैलपुरा की गोशाला भेजा गया।

पिछले सप्ताह जैतपुर के नहटौली गांव में किसानों ने आलू, गेंहू और सरसों की फसल उजाड़ने वाले छुट्टा मवेशी गांव के कंपोजिट विद्यालय परिसर में घेर लिए थे। भाकियू (टिकैत) के हस्तक्षेप के बाद छुट्टा मवेशी को खेडा राठौर की गोशाला भेजा गया था। अब गुही गांव के किसानों ने खेतों में घुसे छुट्टा मवेशी को पकड़ कर गांव के खंडहर में घेर लिया। छुट्टा मवेशी के आतंक से मुक्ति दिलाने और घेरे गये गोवंश को गोशाला में भिजवाने के लिए तहसील अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान ने बाह के खंड विकास अधिकारी नीरज तिवारी से बात की, उन्होंने पंचायत सचिव रामप्रकाश को मौके पर भेजा और गोवंश को पशु कैचर वाहन में लदवा कर ट्यूबैलपुरा की गोशाला में भिजवाया। किसानों ने 30 गोवंश खंडहर में घेरे थे। भाकियू के धन सिंह भदौरिया, रवी भदौरिया, रामवीर सिंह, कल्यान सिंह, जयवीर सिंह, फैसन बाबू, शिव दयाल, वीर सिंह, विजय सिंह, पूरन सिंह, हरदयाल, मुकेश, ओवमीर, शिवम आदि ने बताया कि खेतों पर बाड़ लगाने और पहरेदारी करने के बाद भी खेतों में घुस कर छुट्टा मवेशी आलू, गेंहू और सरसों की फसल को उजाड़ रहे हैं। उन्होंने छुट्टा मवेशी के आतंक से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है।



## संदल की रस्म के साथ शुरू हुआ उर्स



एनएनआई

**आगरा।** दरगाह हजरत सैय्यद अहमद शाह बुखारी रहमतुल्लाह आलेह के उर्स में संदल पोशी और गुस्ल की रस्म अदा की गई एवं फातिहा ख्वानी के साथ लंगर तकसीम किया गया और फल वितरण भी किए गए एवं उसके बाद रात्रि में कव्वाली का आयोजन किया व सूफिया कलाम भी पढ़ा गया।

दरगाह सज्जादा नशीन मोहम्मद निजाम शाह ने बताया कि आज दिन शनिवार को शबदारी का आयोजन किया गया जिसने संदल ओर गुस्ल किया और फातिहा पड़ी पड़ी गई ओर उर्स के मौके दूर-दूर जियारिन मन्नतों मुरादों के साथ आते है" उर्स में सभी धर्म के लोग आते हे। आखिर में दुआ की गई जिस में देश के किए अमन चैन भाई चारे के लिए दुआ की गई। इस मौके पर उर्स इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष/सज्जादानशीन मोहम्मद निजाम शाह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अरमान शाह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश झालानी, उपाध्यक्ष मुबीन बाबूजी, सचिव एस पी सिंह, उप सचिव नसरू उस्मानी, कोषाध्यक्ष सैय्यद आसिफ अली, मीडिया प्रभारी डॉ जमील अहमद अब्बास, उप मीडिया प्रभारी नौशाद आलम, सह मीडिया प्रभारी सैय्यद माशूक अली, विधि मंत्री/प्रवक्ता एडवोकेट ताराचंद मालोनिया, संगठन मंत्री अजीज अब्बास, लेखा निरीक्षक रफीक उद्दीन, मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद फखरुद्दीन, मोहम्मद शब्बीर, हाफिज मोहम्मद जाहिद, ज़ियाउल हक, इमरान अब्बासी, सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी रात में गिरा दी दीवार, प्राथमिकी दर्ज

एनएनआई

**बाह।** न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी रात में दीवार गिराए जाने और विरोध करने पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने घायल का मेडीकल कराने के बाद 8 नामजद समेत 10 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की है। चौरंगाबीहड़ के प्रेमपाल ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात 10.30 बजे सुखवीर, सुनील द्वारा षडयंत्र के तहत अपने साथी सोनेलाल, वेदरी, रामतीर्थ, राघव, रवीशंकर, मलखान सिंह व 10 अन्य ने न्यायिक मजिस्ट्रेट फतेहाबाद के स्थगन आदेश के बाद भी दीवार गिरा दी। विरोध करने पर उसके और परिजनों के साथ लाठी, डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। बाह पुलिस ने घायल प्रेमपाल का मेडीकल कराया है। उसकी तहरीर पर 8 नामजद एवं 10 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया कि न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी दीवार तोड़े जाने और मारपीट किए जाने पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## उत्तम हॉस्पिटल संचालक को नोटिस, जांच गठित

एनएनआई

**आगरा।** यमुनापार क्षेत्र स्थित उत्तम हॉस्पिटल में प्रसव के बाद प्रसूता की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है और अस्पताल संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रांस यमुना कॉलोनी फेज-दो स्थित उत्तम हॉस्पिटल में इटावा निवासी माला भदौरिया की डिलीवरी के बाद हालत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीएमओ डॉ. अमित रावत के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जिसमें एक स्त्री रोग विशेषज्ञ को भी शामिल किया गया है। जांच टीम अस्पताल संचालक को नोटिस देकर मरीज के इलाज से संबंधित सभी दस्तावेज, ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक का विवरण और अन्य रिकॉर्ड तलब करेगी। इसके साथ ही पीड़ित परिजनों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि इलाज में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अस्पताल और जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




## फायरिंग का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**पिनाहट** एनएनआई। थाना बासौनी पुलिस टीम एवं सर्विलांस सेल, पूर्वी जोन द्वारा संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, 29 अक्टूबर 2025 को वादी श्री उमाशंकर द्वारा थाना बासोनी पर तहरीर दी गई थी कि 28 अक्टूबर 2025 को वह अपने भाई के साथ ग्राम उमरेठा में सगाई समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान सतानन्द उर्फ बब्बू, रामलखन उर्फ गोल तथा अन्य तीन व्यक्तियों ने वादी के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। घटना में गोली लगने से वादी एवं उसका भाई घायल हो गए थे।

पुलिस द्वारा लगातार वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 16 जनवरी 2026 को थाना बासोनी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर इस घटना में संलिप्त अभियुक्त रामयश उर्फ कन्हू पुत्र राममूर्ति को क्योरी रोड से गिरफ्तार कर लिया गया।

इससे पूर्व दिनांक 28 नवंबर 2025 को थाना बासोनी पुलिस द्वारा उक्त मुकदमे में संलिप्त अभियुक्त रामप्रीत पुत्र भीकमसिंह एवं विनोद गुर्जर पुत्र सुल्तानसिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं दिनांक 10 नवंबर 2025 को अभियुक्त गोल एवं रामलखन पुत्रगण कृष्ण मुरारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## संपादकीय

# केरल में लेफ्ट और कांग्रेस को भाजपा की चुनौती

आजादी के बाद से केरल में पांच साल पर सत्ता बदलने का रिवाज रहा है। लेकिन वह रिवाज 2021 में टूट गया। सीपीएम के नेतृत्व वाला लेफ्ट मोर्चा लगातार दूसरी बार चुनाव जीता। पांच साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस यह नहीं समझ पाई है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में वह कैसे हारी। जबकि राहुल गांधी अमेठी की पारंपरिक सीट से हार गए थे लेकिन केरल की वायनाड सीट से रिकॉर्ड वोटों से जीते। वे दो साल केरल की राजनीति में सक्रिय भी रहे लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह से चुनाव हार गई। कांग्रेस के नेता आजतक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे कि आखिर केरल में हारे कैसे। कांग्रेस को उम्मीद है है कि 2021 का चुनाव अपवाद रहा और इस बार 2026 में वह बड़ी जीत हासिल करेगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया।दिसंबर में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने बड़ी जीत दर्ज की और छह नगरीय निकायों में से चार में कांग्रेस का एक में सीपीएम का मेयर बना। एक तिरूवनंतपुरम का मेयर पद भाजपा के खाते में गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद 2020 में कांग्रेस स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ गई थी। इस बार ऐसा नहीं हुआ है। इस बार लोकसभा और स्थानीय निकाय दोनों में कांग्रेस का गठबंधन जीता है। सो, 2026 जीतने का भरोसा है।

केरल के बारे में धारणा हैं कि वहां मुस्लिम और ईसाई आबादी 45 फीसदी के करीब है तो ये दोनों ही तय करेंगे कि किसकी सरकार बनेगी। लेकिन असल में केरल की राजनीति 55 फीसदी हिंदू तय करते हैं। केरल के ब्राह्मण राजनीति में अहम भूमिका अदा करते हैं तो पिछड़ी जातियां खास कर एझवा का भी अहम रोल होता है। ऐसे ही एझवा के एक बड़े और लोकप्रिय नेता वेल्लापल्ली नतेशन को साथ लेकर मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन घूम रहे हैं। नतेशन मुस्लिम विरोधी भाषणों के लिए चर्चित रहे हैं फिर भी विजयन उनको साथ रखे हुए हैं तो कारण यह है कि अगर मुस्लिम वोट कांग्रेस की ओर रूझान दिखाता है तो पिछड़ी जातियों के वोट लेफ्ट के साथ जुड़ें।कांग्रेस के पास एझवा समुदाय के दिग्गज नेता वायलार रवि थे लेकिन उनके नहीं रहने के बाद इस स्पेस में कांग्रेस की राजनीति कमजोर हुई है। पारंपरिक रूप से केरल के ब्राह्मण लेफ्ट पार्टियों का समर्थन करते रहे हैं।भारतीय जनता पार्टी ने हिंदू वोटों की गोलबंदी की राजनीति तेज की है। उसका वोट प्रतिशत हर चुनाव के साथ बढ़ रहा है। उसे पिछले विधानसभा चुनाव में 12 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। हालांकि उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। उसके बाद हुए लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 19 फीसदी से ज्यादा वोट मिले और उसका खाता भी खुला। त्रिशुर में सुरेश गोपी चुनाव जीते।पांच लोकसभा सीटों पर भाजपा को दो लाख से ज्यादा वोट मिले, जिनमें से दो सीटों पर उसके वोट तीन लाख से ज्यादा थे। तभी भाजपा अब एक बड़ी ताकत के तौर पर इस बार चुनाव मैदान में उतर रही है। अगर उसे ओवरऑल 20 फीसदी वोट मिलता है और तिरूवनंतपुरम, त्रिशुर, कासरगौड, अलापुझा आदि इलाकों में फोकस करके वह चुनाव लड़ती है तो वह अच्छा प्रदर्शन कर सकती है और यह कांग्रेस व लेफ्ट दोनों के लिए चिंता की बात होगी। कांग्रेस की बात करें तो गुटबाजी उसके लिए सबसे बड़ी समस्या है। केरल कांग्रेस में कई गुट हैं और कोई एक केंद्रीय नेता नहीं है। जब तक एके एंटनी सक्रिय थे तब तक केरल के फैसले वे करते थे। उनके साथ वायलार रवि और ओमन चांडी भी बड़े नेता थे। उनके बाद रमेश चेन्निथला धुरी बन सकते थे लेकिन राहुल गांधी के प्रयोगों के कारण केसी वेणुगोपाल बड़े नेता बन गए हैं। उनके अलावा वीडी सतीशन, के सुधाकरन, सनी जोसेफ सहित कई और नेता हो गए हैं। कम से कम आधा दर्जन नेताओं ने अपने गुट बनाए हैं।आम धारणा बनी है कि अगर कांग्रेस जीती तो वेणुगोपाल मुख्यमंत्री हो सकते हैं। इस तरह की बातों से कांग्रेस का प्रचार बिखरा हुआ दिख रहा है। शशि थरूर वैसे तो अब कांग्रेस लाइन पर ही चलने की बात कर रहे हैं लेकिन उनकी राजनीति का ऊंट चुनाव तक किस करवट बैठेगा यह नहीं कहा जा सकता है। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड सीट से सांसद हैं और वे अगर सक्रिय होकर पार्टी को एकजुट करने की कोशिश करती हैं तभी कांग्रेस मजबूती से लड़ने के लिए आगे बढ़ेगी।दूसरी समस्या इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की ज्यादा सीटों की मांग है। पिछली बार वह 20 सीटों पर लड़ी थी लेकिन इस बार वह सीधे दोगुनी सीटों की मांग कर रही है।तीसरी समस्या मुस्लिम वोट पर कांग्रेस की निर्भरता की है। कांग्रेस के लिए अच्छी बात यह है कि भाजपा से लड़ने वाली इकलौती मजबूत ताकत के तौर पर कांग्रेस और राहुल गांधी को देखा जा रहा है। इसलिए हो सकता है कि मुस्लिम और ईसाई दोनों भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस का साथ दें।लेफ्ट के गठबंधन की चुनौती 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी की वजह से है। 10 साल से पिनरायी विजयन मुख्यमंत्री हैं और इस दौरान गोल्ड स्मलिंग से लेकर कई तरह के आरोप भी लगे हैं। उनकी बेटी के खिलाफ ईडी की जांच चल रही है। सहयोगी पार्टी सीपीआई ने केंद्रीय मदद के लिए भाजपा के एजेंडे पर सरकार चलाने के आरोप लगाया है तो मुस्लिम विरोधी वेल्लापल्ली नतेशन के साथ विजयन के संबंधों को लेकर भी निशाना साधा है। लोकसभा चुनाव और स्थानीय निकाय चुनाव में लेफ्ट की हार से पार्टी कार्यकताओं का मनोबल गिरा है। कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ और सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ की इस सीधा लड़ाई में पहली बार भाजपा मजबूत चुनौती पेश कर रही है।



# बीएमसी फतहः महाराष्ट्र की शहरी सत्ता में फडणवीस युग की निर्णायक एंट्री

> बीएमसी का चुनाव जीतना किसी भी दल के लिए सिर्फ एक महानगरपालिका जीतना नहीं होता, बल्कि यह सत्ता, संसाधन और राजनीतिक भविष्य पर पकड़ बनाने जैसा होता है। लगभग 75 हजार करोड़ रुपये के बजट वाली बीएमसी लंबे समय तक अविभाजित शिवसेना का गढ़ रही है।

देश की सबसे अमीर और सबसे प्रभावशाली महानगरपालिका बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) अब निर्णायक रूप से सत्ता परिवर्तन की ओर बढ़ चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए, जिसे महाराष्ट्र में महायुति के नाम से जाना जाता है, ने शहरी राजनीति में ऐसा दबदबा कायम किया है, जिसने दशकों से चले आ रहे राजनीतिक समीकरणों को ध्वस्त कर दिया है। बीएमसी में 1997 के बाद शिवसेना के ढाई दशक से अधिक समय तक चले शासन का अंत हो गया है।

अपने 12 साल के सक्रिय राजनीतिक जीवन में महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे और पवार परिवार के वर्चस्व को खत्म करने वाले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का यह ऐलान कि इस चुनाव के बाद भाजपा के 25 मेयर शपथ लेने जा रहे हैं, महज एक संख्या नहीं बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए युग के आरंभ का संकेत है।

29 में से 25 महानगरपालिकाओं पर विजय हासिल कर भाजपा ने यह साफ कर दिया है कि सत्ता की चाबी अब पहचान की राजनीति नहीं, बल्कि विकास, प्रशासन और नेतृत्व की विश्वसनीयता के हाथों में है। यही कारण है कि ह्यमराठी मानूसह्ल की विरासत के सबसे बड़े दावेदार माने जाने वाले उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का एक मंच पर आना भी मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सका। फडणवीस के नेतृत्व में चली विकास की तेज आंधी ने ठाकरे समेत समूचे विपक्ष की न केवल रणनीतियों को बिखेर दिया, बल्कि महाराष्ट्र की शहरी राजनीति की दिशा भी स्थायी रूप से बदल दी।

महाराष्ट्र में 29 महानगरपालिकाओं के लिए आम चुनाव हुए थे। आज इन नतीजों की मतगणना जारी है और लगभग 2,869 सीटों के लिए फैसला हो चुका है। इन महानगरपालिकाओं में बीएमसी सबसे महत्वपूर्ण है। यह सिर्फ मुंबई शहर की निकाय नहीं, बल्कि राजनीतिक पैमाने पर राज्य की राजनीति का ह्यमिनी विधानसभाह्ल भी मानी जाती है। अब तक मिले नतीजों से साफ है कि बीएमसी समेत राज्य की कम से कम 25 महानगरपालिकाओं में भाजपा अपना मेयर बनाने जा रही है।

वैसे बीएमसी का चुनाव जीतना किसी भी दल के लिए सिर्फ एक महानगरपालिका जीतना नहीं होता, बल्कि यह सत्ता, संसाधन और राजनीतिक भविष्य पर पकड़ बनाने जैसा होता है। लगभग 75 हजार करोड़ रुपये के बजट वाली बीएमसी लंबे समय तक अविभाजित शिवसेना का गढ़ रही है। यह वही किला था, जहां से ठाकरे परिवार की राजनीति को आर्थिक, संगठनात्मक और प्रतीकात्मक ताकत मिलती रही। लेकिन इस बार तस्वीर पूरी तरह बदल गई। महायुति ने बीएमसी में सिर्फ बहुमत नहीं बनाया, बल्कि यह संदेश दे दिया कि मुंबई जैसे महानगर में अब भावनात्मक नारे नहीं, ठोस प्रशासनिक रिकॉर्ड वोट दिलाता है।

इन नतीजों के केंद्र में यदि कोई एक चेहरा उभरता है, तो वह हैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस। यह जीत सिर्फ भाजपा की संगठनात्मक सफलता नहीं, बल्कि फडणवीस की राजनीतिक स्वीकार्यता की मुहर है। शहरी मतदाता, विशेषकर मुंबई, पुणे, नागपुर और नासिक जैसे शहरों में, अब उस नेतृत्व को प्राथमिकता देता दिखा है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, मेट्रो, सड़क, निवेश और प्रशासनिक स्थिरता की बात करता है। फडणवीस ने खुद को एक ऐसे मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित किया है, जो भावनाओं से ज्यादा नीतियों पर चुनाव जीतता है।

दरअसल, फडणवीस ने 2014-19 के अपने पहले कार्यकाल में इतनी परियोजनाओं की आधारशिला रख दी थी कि उन पर काम अब तक जारी है। बीच में छह साल उनके सत्ता से बाहर रहने के दौरान विकास कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। इसी वजह से बहुसंख्यक मतदाताओं ने देवेंद्र फडणवीस के विकास मॉडल को वोट दिया। इस चुनाव में मेट्रो, कोस्टल रोड, अटल सेतु और समृद्धि एक्सप्रेसवे के निर्माण ने बहुत अहम भूमिका अदा की। इस चुनाव का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश यही है कि मराठी मानुस की राजनीति अब शहरी महाराष्ट्र में अपने प्रभाव की सीमा पर पहुंच चुकी है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का एक साथ आना इस बात का स्वीकार था कि अकेले-अकेले दोनों की राजनीतिक धार कुंद हो चुकी है। लेकिन मतदाताओं ने इस गठजोड़ को भी नकार दिया।

कारण साफ है, मुंबई और अन्य महानगरों में रहने वाला मतदाता आज रोजगार, ट्रैफिक, बाढ़, सफाई, हाउसिंग और निवेश से जुड़े सवाल पूछ रहा है। वह यह जानना चाहता है कि शहर कैसे चलेगा, न कि शहर किस पहचान से जाना जाएगा। बीएमसी में हार शिवसेना (यूबीटी) के लिए सिर्फ एक चुनावी पराजय नहीं है, बल्कि यह पार्टी के अस्तित्व पर उठता सबसे बड़ा सवाल है। जिस बीएमसी को शिवसेना अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला मानती थी, वही हाथ से निकल जाना बताता है कि पार्टी का शहरी आधार तेजी से कमजोर हुआ है।

यह हार यह भी दिखाती है कि विभाजन के बाद उद्धव ठाकरे जिस नैरेटिव के सहारे भाजपा से मुकाबला करना चाहते थे, वह जमीन पर असरदार साबित नहीं हुआ। यह चुनाव निःसंदेह महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के मुखिया राज ठाकरे को आईना दिखाने वाला साबित हुआ। आक्रामक भाषण, मराठी मुद्दा और सांस्कृतिक राजनीति के बावजूद एमएनएस शहरी सत्ता के केंद्र तक पहुंचने में असफल रही।

यह चुनाव बताता है कि शहरी मतदाता अब विरोध की राजनीति नहीं, समाधान की राजनीति चाहता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि 2014 के बाद फडणवीस का काम राज्य में हर जगह नजर आ रहा है। ऐसे में इसे कैसे झुठलाया जा सकता है। महायुति की सफलता का एक बड़ा कारण यह रहा कि भाजपा, शिंदे गुट की शिवसेना और अजित पवार गुट की एनसीपी ने जमीनी स्तर पर सीटों का समझदारी से बंटवारा किया। स्थानीय नेतृत्व को महत्व दिया गया और केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं को सीधे मतदाताओं से जोड़ा गया।कई जगह स्थानीय नेताओं के कारण गठबंधन नहीं हो सका, लेकिन वह उसी नगर तक सीमित रह गया। इसका नतीजा यह हुआ कि शहरी निकाय चुनाव, जो अक्सर स्थानीय मुद्दों तक सीमित रहते हैं, इस बार नेतृत्व और शासन मॉडल पर जनमत संग्रह बन गए। 29 महानगरपालिकाओं के नतीजे आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों का ट्रेलर माने जा सकते हैं।

# 'मेरे पास मां है' जैसे यादगार संवादों से अमर हुए जावेद अख्तर



हिंदी सिनेमा को कालजयी संवाद देने वाले जावेद अख्तर 17 जनवरी को 80 वर्ष के हो गए। सत्तर के दशक में सलीम खान के साथ उनकी जोड़ी ने फिल्मों के संवादों को नई पहचान दी। उस दौर में नायक से अधिक चर्चित संवाद हुआ करते थे। जावेद अख्तर की कलम से निकले जंजीर, दीवार, डॉन, त्रिशूल और शोले जैसे संवाद आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं। डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है, आज खुश तो बहुत होगे तुम और मेरे पास मां है जैसे संवाद हिंदी सिनेमा की पहचान बन गए। गब्बर सिंह के कितने आदमी थे जैसे संवादों ने खलनायक को भी अमर कर दिया। संघर्ष से शिखर तक पहुंचे जावेद अख्तर ने अपनी लेखनी से न सिर्फ किरदारों को, बल्कि पूरे सिनेमा को यादगार बना दिया।

## शाहरुख खान को आलिया भट्ट ने बताया पसंदीदा सह-अभिनेता



अभिनेत्री आलिया भट्ट ने वर्ष 2016 से जुड़े एक लोकप्रिय सामाजिक माध्यम चलन में भाग लेते हुए अपने करियर और निजी जीवन के कुछ सबसे यादगार पलों को साझा किया है। उन्होंने इस वर्ष को कृतज्ञता और आत्मीयता के साथ याद करते हुए कई तस्वीरें और अनुभव सामने रखे, जिन्होंने प्रशंसकों को एक दशक पुराने उनके सुनहरे दौर की झलक दिखाई। आलिया द्वारा साझा की गई तस्वीरों में फिल्म डियर जिंदगी के दौरान शाहरुख खान के साथ बिताए खास पल, स्वर्ण मंदिर में



मत्था टेकते हुए आध्यात्मिक क्षण, फिल्म कपूर एंड संस के प्रचार के दौरान मिला सरप्राइज जन्मदिन, बद्रीनाथ की दुल्हनिया के गीत 'तम्मा तम्मा' की शूटिंग और विभिन्न आयोजनों की झलक शामिल है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय संगीत कार्यक्रम और पत्रिका कवर शूट से जुड़ी तस्वीरें भी दर्शकों का ध्यान खींच रही हैं। आलिया ने अपने संदेश में बताया कि 2016 उनके लिए सीख, मेहनत और प्यार से भरा रहा। इस वर्ष ने न सिर्फ उनके अभिनय करियर को नई दिशा दी, बल्कि उन्हें कई यादगार अनुभव भी दिए। कामकाज की बात करें तो आलिया भट्ट जल्द ही फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। यह जासूसी फिल्मों की लोकप्रिय श्रृंखला की छठी कड़ी है, जिसमें उनके साथ शरवरी और बॉबी देओल भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## 'धुरंधर' के सीक्वल में फिर नजर आएंगे अक्षय खन्ना



फिल्म 'धुरंधर' के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। अभिनेता अक्षय खन्ना का लोकप्रिय किरदार फिल्म के सीक्वल में एक बार फिर दिखाई देगा। हालांकि पहले भाग में उनके किरदार की मृत्यु हो चुकी थी, लेकिन फ्लैशबैक दृश्यों के माध्यम से उनकी वापसी तय मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि अभिनेता सीमित समय के लिए फिल्म में नजर आएंगे। खास बात यह है कि अक्षय खन्ना ने बिना पारिश्रमिक लिए फिल्म से जुड़ने की सहमति दी है, जिसे उनके समर्पण के रूप में देखा जा रहा है।

# आरसीबी ने गुजरात को 32 रन से हराया

## श्रेयंका ने चटकाए पांच विकेट, अंक तालिका में टीम शीर्ष पर काबिज



**नवी मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात जाएंट्स को 32 रन से हरा दिया। शुक्रवार को महिला प्रीमियर लीग का नौवां मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में आरसीबी और गुजरात के बीच खेला गया। इस मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राधा यादव की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 18.5 ओवर में 150 रन ही बना सकी और सिमट गई। लगातार तीन जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष पर बरकार है। वहीं, गुजरात तीसरे पायदान पर है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की शुरूआत बेहद आक्रामक रही। ग्रेस हैरिस ने पहले ही ओवर में रेणुका सिंह पर चार चौके जड़ते हुए 23 रन बटोर लिए। हालांकि, उनकी तूफानी पारी को काशवी गौतम ने शानदार इनस्विंगर पर एलबीडब्ल्यू कर समाप्त किया। इसके बाद काश्वी ने अपनी अगली ही ओवर में डी हेमलता को आउट कर आरसीबी को दूसरा झटका दिया। शुरूआती झटकों के बीच कप्तान स्मृति मंधाना भी बड़ी पारी नहीं खेल सकीं और रेणुका सिंह की गेंद पर राजेश्वरी गायकवाड़ के हाथों लपकी गईं।

आरसीबी का स्कोर 6 ओवर में 43/4 हो चुका था, लेकिन इसके बाद राधा यादव और ऋचा घोष ने पारी को संभाल लिया। दोनों ने सूझबूझ के साथ बल्लेबाजी करते हुए पांचवें विकेट के लिए 105 रनों की अहम साझेदारी की। राधा यादव ने 47 गेंदों पर 66 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें चौके-छक्कों का बेहतरीन मिश्रण रहा। वहीं ऋचा घोष ने 28 गेंदों पर 44 रन बनाकर तेजी बनाए रखी। अंत में नादिन डी क्लार्क ने सिर्फ 12 गेंदों में 26 रन जोड़कर स्कोर को मजबूती दी। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 182 रन बनाए।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जाएंट्स की शुरूआत आक्रामक रही। बेथ मूनी ने पहले ही ओवर में चौका जड़ा और लगातार बाउंड्रीज लगाकर रन गति बनाए रखी। सोफी डिवाइन भी पीछे नहीं रहीं।

## विराट पहुंचे महाकाल लिया आशीर्वाद, कुलदीप भी दिखे साथ



**उज्जैन।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे से पहले उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कोहली को पुजारियों के साथ चलते और 'जय श्री महाकाल' बोलते हुए देखा गया। उनकी यह आध्यात्मिक यात्रा इसलिए चर्चा में आ गई क्योंकि सीरीज 1-1 से बराबर है और तीसरा मैच 18 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाना है। कोहली पिछले कुछ समय से बेहतरीन फॉर्म में हैं। वडोदरा में खेले गए पहले वनडे में उन्होंने 93 रनों की मैच-विनिंग पारी खेलकर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने सात विकेट से जीतकर सीरीज बराबर कर दी, जिससे तीसरे मैच का रोमांच बढ़ गया। ऐसे में कोहली का उज्जैन पहुंचना फैंस के बीच एक दिलचस्प विषय बन गया।

### आईसीसी रैंकिंग में फिर नंबर-एक

लगातार रन बनाते हुए कोहली ने कई रिकॉर्ड्स फिर से जीवंत कर दिए हैं। न्यूजीलैंड सीरीज में शानदार शुरूआत के बाद वह आईसीसी पुरुष वनडे बैटिंग रैंकिंग में जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर-एक पर लौट आए। यह 11वीं बार है जब कोहली शीर्ष पर पहुंचे हैं। पिछले छह मैचों में उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। उनके हालिया स्कोर- 23, 93, 135, 102, 65* और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 74* रन हैं।

### भारी रिकॉर्ड, भारतीयों में सबसे चैम्पियन

कोहली ने अक्तूबर 2013 में पहली बार रैंकिंग का शीर्ष स्थान हासिल किया था। अब तक वह 825 दिन नंबर-एक पर रह चुके हैं, जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज के लिए सबसे ज्यादा है। यह आंकड़ा उन्हें ऑल-टाइम लिस्ट में 10वें स्थान पर रखता है, जहां शीर्ष पर वेस्टइंडीज के महान विवियन रिचड्र्स (2,306 दिन) मौजूद हैं।

## लक्ष्य सेन का सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त

### चीनी ताइपे के खिलाड़ी से मिली हार; भारतीय चुनौती खत्म

**नई दिल्ली।** भारत के लक्ष्य सेन को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। पुरुष एकल वर्ग के मुकाबले में लक्ष्य को विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी चुन यी से 21-17, 13-21, 18- 21 से हार मिली। रोमांचक रहा मैचलक्ष्य और चीनी ताइपे के खिलाड़ी के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। लक्ष्य ने पहला गेम जीतकर लक्ष्य पर दबाव बढ़ाया, लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ ने वापसी करते हुए दूसरा गेम अपने नाम किया। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही है और लंबी रैलियां देखने मिली। लेकिन अंततः चीनी ताइपे का खिलाड़ी ये गेम अपने नाम करने के साथ ही मैच जीतने में सफल रहा।



लक्ष्य ने जोरदार शुरूआत करते हुए लिन को तेज रैलियों में उलझाया। शुरूआती दौर में स्कोर 4-4 से 7-7 तक बराबर रहा जिसके बाद लक्ष्य ब्रेक में आगे निकल गए। दो शानदार विनर ने लक्ष्य को 13-10 पर पहुंचा दिया और लिन की गलतियों की वजह से लगातार दबाव बनाकर उन्होंने इसे 16-11 तक बढ़ा लिया। 54 शॉट की एक रैली लिन के बाहर शॉट फेंकने के साथ खत्म हुई जिससे लक्ष्य को जल्द ही पांच गेम प्वाइंट मिले और उन्होंने तीसरे मौके पर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में परिस्थितियों ने शटल पर नियंत्रण करना मुश्किल बना दिया और लक्ष्य को अपनी लेंथ के साथ संघर्ष करना पड़ा जिससे ब्रेक में वह 11-5 से पीछे थे। लक्ष्य इस गेम में बार-बार बेसलाइन से चूक गए जिससे लिन स्कोर 1-1 से बराबर करने में कामयाब रहे। निर्णायक गेम में लक्ष्य ने 4-0 की बढ़त बना ली।

## अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में बाह के खिलाड़ियों ने जीते तीन स्वर्ण पदक

**बाह।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में बाह क्षेत्र के दो बेटियों और एक बेटे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। मंगदपुर की श्रेया सिंह, बाह की दीक्षा और कनारी गांव के अभिनव ने अलग-अलग भार वर्गों में भूटान व श्रीलंका के खिलाड़ियों को पराजित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विधायक पक्षालिका सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्ष जताते हुए बधाई दी। बाह के बेटे, बेटियों की शानदार जीत पर विधायक पक्षालिका सिंह ने बताया कि क्षेत्र और उनके लिए गौरव की बात है। देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है।



बधाई देकर खुशी का इजहार करने वालों में पूर्व केबिनेट मंत्री अरिदमन सिंह, हृदय नरायन शर्मा, कृपा नरायन उर्फ छुट्टन शर्मा, सुरेश पचौरी, अरुण दुबे, मुकेश शर्मा आदि रहे।

## शनिवार, 17 जनवरी राशिफल

आज शनिवार का दिन मेष राशि के जातकों के लिए आर्थिक मामलों में लाभदायक रहेगा। आपको आज कारोबार में अपेक्षा से बढ़कर लाभ प्राप्त कर पाएंगे। इन दिनों आप साढ़ेसाती के प्रभाव में हैं लेकिन आज ग्रहों की ऐसी स्थिति बनी है जो आपके लिए अनुकूल स्थिति बनाकर आपको कई तरफ लाभ प्रदान करेगा।

आज का दिन वृषभ राशि के लिए बहुत ही शुभ लाभदायक रहेगा। आपको भाग्य आज एक से अधिक स्रोत से लाभ दिलाने का काम करेगा। आपकी वाणी में सौम्यता और मधुरता बनी रहेगी जिससे बिजनेस में आप लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आज आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी।

आज शनिवार के दिन मिथुन राशि के जातकों के परिश्रम अधिक करना होग लेकिन आज आपको परिश्रम का शुभ परिणाम भी प्राप्त होगा। आज आपकी राशि के स्वामी बुध मकर राशि में आकर बुधादित्य योग बना रहे हैं।

कर्क राशि के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपकी राशि से सप्तम भाव में आज बुधादित्य योग सहित कई अन्य शुभ योग भी बन रहे हैं। ऐसे में आपको आप बुद्धि और कार्यकुशलता का लाभ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त होगा। आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज शनिवार का दिन कुल मिलाकर अनुकूल कहा जा सकता है। आपकी राशि के स्वामी आज छठे भाव में बुधादित्य योग बना रहे हैं ऐसे में आपको आज चतुर बुद्धि और कूटनीतिक क्षमता का लाभ मिलेगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन बुध और शुक्र के गोचर से शुभ रहने वाला है। आपकी कोई मनोकामना आज पूरी हो सकती है। आपकी कोई उलझन जो काफी समय से बनी हुई है आज वह सुलझ सकती है। नौकरी में आपका प्रभाव और सम्मान आज बढेगा।

तुला राशि के जातक आज भाग्य से सपोर्ट पाएंगे। आपकी राशि के स्वामी आज शुभ योग बना रहे हैं जो आपकी कला और कार्यकुशल को बढाने का काम करेंगे जिससे आपको अपनी मेहनत और अनुभव का लाभ मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा कहा जा सकता है। आप आज अपना पेंडिंग काम तेजी से निपटा सकेंगे। नौकरी में आपको साथी सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। जिन जातकों के काम का संबंध विदेशी क्षेत्र से है उनको भी आज फायदा हो सकता है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज शनिवार का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। लेकिन आज आपको अपनी भावुकता पर कंट्रोल करना होगा। नौकरी में आज आपका दिन अनुकूल बीतेगा। आप अपना काम आज सहयोगियों की मदद से कुशलता पूर्वक पूरा कर पाएंगे।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपकी राशि में आज चार ग्रहों का उत्तम संयोग बना है। ऐसे में आपको आज भाग्य आर्थिक लाभ दिलाने में सहयोग करेगा। किसी अटके काम को पूरा कर पाने में आप आज सफलता प्राप्त करेंगे।

कुंभ राशि के जातकों को आज आर्थिक मामलों मे संभलकर चलना होगा आज खर्च में वृद्धि होने से आपका बजट हिल सकता है। नौकरी और कार्यक्षेत्र में भी आज उलझन की स्थिति बनी रहेगी। आपको योजना बनाकर काम करना होगा।

मीन राशि के जातकों के लिए आज शनिवार का दिन कुलमिलाकर अच्छा है। आपको आज काम में भले भी अधिक परिश्रम करना होगा लेकिन आपको मेहनत का शुभ परिणाम भी मिलेगा। आपको आज कोई अच्छा अवसर भी मिल सकता है जिससे आपका मन प्रसन्न होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# भक्ति, करुणा और सेवा के संगम में डूबा श्री कृष्ण गौशाला परिसर

- श्री कृष्ण गौशाला में गौ माता के लिए छप्पन भोग मनोरथ उत्सव अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ

एनएनआई



**आगरा।** जहां गौ माता की सेवा होती है, वहां स्वयं श्री श्याम प्रभु की कृपा बरसती है, इसी भाव के साथ श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम महिला मित्र मंडल, लोहा मंडी द्वारा आयोजित चार दिवसीय महोत्सव की पावन श्रृंखला में शाहगंज स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौ माता के लिए छप्पन भोग मनोरथ उत्सव अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। शंखनाद, मंत्रोच्चार और श्याम नाम के जयकारों के बीच गौ माता को अन्न, फल एवं भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरा गौशाला परिसर श्याम भक्ति, करुणा और सेवा भाव से आलोकित नजर आया। श्री श्याम मित्र मंडल, लोहामंडी के अध्यक्ष अभी जैन ने बताया कि गौ माता के लिए लगाए गए छप्पन भोग में पांच कुंतल ताजी सब्जी, सवा कुंतल अनाज, 100 किलोग्राम फल, चार मन भूसा तथा मेवा अर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से मानव जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है तथा यह आयोजन समाज को सेवा और संवेदनशीलता का संदेश देता है। गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना, आरती एवं परिक्रमा के साथ श्रद्धालुओं ने भोग अर्पित किया और गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्याम महिला मित्र मंडल की अध्यक्ष पूजा राधे अग्रवाल ने बताया कि श्याम महोत्सव की अगली कड़ी में शनिवार को श्याम नाम की मेहंदी समारोह का आयोजन पुनिया पाड़ा, लोहा मंडी स्थित पथवारी मंदिर में सायं 5 बजे से किया जाएगा, जिसमें महिलाएं श्याम नाम की मेहंदी रचाकर बाबा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगी। महामंत्री अमित अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी अखिल अग्रवाल ने जानकारी दी कि महोत्सव के समापन अवसर पर 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे जैन स्मृति भवन, जयपुर हाउस में दो निर्धन कन्याओं का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया जाएगा।

इसके उपरांत सायं 5 बजे से भव्य श्री श्याम भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें देशभर के सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक श्याम नाम की गंगा प्रवाहित करेंगे। कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, राजीव लवानिया, इंद्र खंडेलवाल, मनीष अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रदीप जैन, महिला मंडल उपाध्यक्ष अनीता जैन, रीता अग्रवाल, आशी, गुंजन, पूजा अग्रवाल, निशा जैन, कामिनी, आंचल, प्रियंका, प्रीति,मोहित अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, लता गर्ग, आदि उपस्थित रहे।

# श्रीराम वन गमन पथ यात्रा से मयार्दा, त्याग और सनातन संस्कृति का दिया संदेश

- श्रद्धालुओं के अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक वातावरण के बीच यात्रा संपन्न

एनएनआई



**आगरा।** भगवान श्रीराम की मर्यादा, त्याग और सनातन संस्कृति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित श्रीराम वन गमन पथ यात्रा का आज 16 जनवरी को सेठ पदम चंद संस्थान, खंदारी, आगरा से भव्य शुभारंभ किया गया । यह कार्यक्रम अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ ।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, रामभक्त, युवा एवं सामाजिक कार्यकताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

यह यात्रा युवाओं को यह संदेश देती है कि हमारी पहचान जाति से नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और चरित्र से होती है। इस पावन यात्रा के माध्यम से हम संकल्प लें कि हम जातिवाद की दीवारों को तोड़ेंगे और श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए एक समरस, सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण करेंगे।

श्री मुकेश चौहान ने भावुक होते हुए बताया कि वे बचपन से ही भगवान श्रीराम के जीवन से अत्यधिक प्रभावित रहे हैं। रामलीला देखने के दौरान उनके मन में यह जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि भगवान राम ने अपने वनवास काल में किस प्रकार जीवन व्यतीत किया और वे किन-किन स्थानों पर गए । समय के साथ यह जिज्ञासा और अधिक प्रबल होती गई। इसी भावना के अंतर्गत उन्होंने राम वन गमन पथ के लगभग 200 से 300 प्रमुख स्थलों को चिन्हित किया है, जहां-जहां भगवान राम ने अपने वनवास काल में समय बिताया। इस यात्रा के माध्यम से वे उन स्थलों पर जाकर अपनी आस्था को सुदृढ़ करने तथा आत्मिक अनुभव प्राप्त करने का संकल्प रखते हैं।

यात्रा संयोजक नवीन अग्रवाल ने बताया कि जैसे लाखों भक्त गोवर्धन पर्वत की सात कोस की परिक्रमा करते हैं या ब्रज की 84 कोस की यात्रा कर भगवान कृष्ण के सान्निध्य का अनुभव करते हैं, ठीक वैसे ही श्रीराम वन गमन पथ की यह यात्रा भगवान श्री राम के पदचिन्हों को स्पर्श करने का एक आधुनिक माध्यम है।

अयोध्या से लंका तक की 20,000 किलोमीटर की यह सोलो राइड सनातन संस्कृति के प्रति एक नई जागृति का शंखनाद है। उन्होंने बताया कि श्रीराम वन गमन पथ यात्रा वनवास काल में समय बिताया। इस यात्रा के माध्यम से वे उन स्थलों पर जाकर अपनी आस्था को सुदृढ़ करने तथा आत्मिक अनुभव प्राप्त करने का संकल्प रखते हैं।

# गौ सेवा को जन-जन तक पहुंचाने का दिया संदेश

- आंध्र प्रदेश से आई पुगनूर गायों के साथ मंडलायुक्त ने बिताया समय

एनएनआई



**आगरा।** आंध्र प्रदेश से श्री मनकामेश्वर मंदिर में गोपालन के लिए लाई गईं दुर्लभ पुगनूर प्रजाति की गायों के जोड़े मनसुखा और मनसुखी के साथ मंदिर मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने कैंप कार्यालय पर मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की।

मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने इन छोटी कद-काठी वाली विशेष प्रजाति की गायों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मंदिर प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि श्री मनकामेश्वर मंदिर का यह कदम समाज में गौ सेवा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित कर रहा है।

मंडलायुक्त ने शहरवासियों को संदेश देते हुए कहा कि आम धारणा है कि घर में गोपालन करना कठिन कार्य है, इसके लिए अधिक स्थान और विशेष व्यवस्थाओं की आवश्यकता होती है, जबकि यह पूरी तरह सत्य नहीं है। पुगनूर जैसी छोटी प्रजाति के गोवंश को पालने के लिए न तो अधिक स्थान चाहिए और न ही जटिल व्यवस्थाएं। जिस प्रकार लोग अपने घरों में अन्य पालतू पशुओं का पालन करते हैं, उसी प्रकार गोपालन भी सहज रूप से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे लोग न केवल गौ सेवा के पुण्य के भागी बनेंगे, बल्कि गौ माता के शुद्ध दुग्ध से उन्हें आर्थिक समृद्धि का अवसर भी प्राप्त होगा। यह पहल सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक तीनों दृष्टियों से अत्यंत उपयोगी है।

